भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3076**
दिनांक 11 जुलाई , 2019 / 20 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नए विमानपत्तनों की स्थापना

3076. श्री ए॰ राजा:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विमान यात्रियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है;
(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान देश में तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने लोगों ने विमान से यात्रा की है;
(ग) क्या सरकार देश में कुछ नए विमानपत्तन स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या केन्द्र सरकार को इस संबंध में तमिलनाडु सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): जी हां। पिछले तीन वर्षों के दौरान यात्रियों का विवरण अनुलग्नक –I में संलग्न है।
(ग): भारत सरकार ने देश भर में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। अर्थात गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, सिंधुदुर्ग और शिरडी, कर्नाटक में, बीजापुर, गुलबर्गा, हासन और शिमोगा, केरल में कन्नूर, पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, ग्वालियर में दतिया, सिक्किम में पाकयोंग, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा, गुजरात में धोलेरा और हीरासर, पुडुचेरी में कराईकल और आंध्र प्रदेश में डागादर्थी, भोगापुरम और ओरावकल और अरुणाचल प्रदेश में इटानगर और हलौंगी। शिरडी, कन्नूर, दुर्गापुर और पाकयोंग में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का परिचालन किया गया है। इसके अलावा, भारत सरकार ने देश भर में 6 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों- लुधियाना में माछीवाड़ा, झारखंड में जमशेदपुर, राजस्थान में अलवर (भिवाड़ी), कोथागुडेम, तेलंगाना में जिला खम्मम, मध्य प्रदेश में सिंगरौली और पुणे में पुरंदर, की स्थापना के लिए 'स्थल अनापत्ति' का अनुमोदन दे दिया है।
(घ): जी नहीं। तथापि, एक विमानपत्तन कंपनी, मेसर्स टेकिंग ओफ़ टु द फ्युचर प्राइवेट लिमिटेड(TOFL) (पूर्व, मेसर्स KGS डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड) ने तमिलनाडु में चेन्नई के समीप चेंगलपेट में हवाईअड्डे के निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। तथापि, रक्षा मंत्रालय ने चेंगलपेट में एक ग्रीनफ़ील्ड हवाई अड्डे की स्थापना के लिए स्थल अनापत्ति की मंजूरी देने से यह कह कर इनकार कर दिया कि इससे भारतीय वायु सेना (IAF) के उड़ान संचालन पर गंभीर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। कंपनी ने तमिलनाडु राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार से, प्रोजेक्ट पर पुनर्विचार करने के लिए आग्रह किया है।

*****

वर्ष 2015-16 से 2018-19 के लिए राज्य-वार हवाई यातायात का ब्यौरा

कुल यात्रियों की संख्या

हवाईअड्डे	2018-19	% वृद्धि 2018-19 से ऊपर 2017-18	2017-18	% वृद्धि 2017-18 से ऊपर 2016-17	2016-17	% वृद्धि 2016-17 से ऊपर 2015-16	2015-16	पिछले तीन वर्षों में सीएजीआर
अंडमान निकोबार द्वीप	1711881	10.45	1549951	25.16	1238331	42.12	871318	25.25
आंध्र प्रदेश	5425453	31.61	4122346	10.49	3730937	33.25	2799977	24.67
अरूणाचल प्रदेश	1241	-	0	-	0	-	27	258.21
असम	6670524	21.97	5468877	24.72	4384877	30.14	3369332	25.57
बिहार	4275625	29.65	3297943	44.03	2289813	31.51	1741157	34.91
चंडीगढ़	2097698	-1.87	2137739	17.08	1825881	19.02	1534058	10.99
छत्तीसगढ़	2029320	24.64	1628134	16.61	1396179	15.69	1206844	18.91
दमन एवं दवी	23814	15.92	20544	11.84	18369	-36.19	28789	-6.13
दिल्ली	69233864	5.39	65691662	13.84	57703096	19.16	48424165	12.66
गोवा	8467326	11.31	7607249	10.95	6856362	27.55	5375555	16.35
गुजरात	14308713	23.48	11587942	23.22	9403986	14.53	8210773	20.34
हिमाचल प्रदेश	163590	-8.96	179681	34.10	133995	32.05	101474	17.26
जम्मू एवं कश्मीर	4893562	6.93	4576442	19.63	3825499	-0.29	3836622	8.45
झारखंड	2254108	26.75	1778349	71.70	1035740	39.97	739961	44.96
कर्नाटक	36202584	23.07	29415773	18.90	24740735	18.87	20813340	20.26
करेल	18139433	2.45	17705740	14.32	15488038	14.50	13526236	10.28
लक्ष्द्वीप	38341	-1.91	39088	26.49	30901	2.97	30010	8.51
मध्य प्रदेश	4284219	29.95	3296807	21.86	2705368	4.85	2580249	18.41
महाराष्ट्र	61593358	3.61	59446738	9.45	54316300	10.49	49157739	7.81
मणिपुर	1277163	29.33	987506	11.41	886338	15.58	766877	18.53
मेघालय	12482	-3.67	12957	-3.13	13376	15.66	11565	2.58
मिज़ोरम	225586	-23.63	295379	25.37	235613	34.53	175137	8.80
नागालेण्ड	193522	3.83	186390	29.04	144449	29.25	111756	20.08
उडीसा	4159410	27.96	3250635	39.37	2332433	23.10	1894732	29.97
पुड्डुचेरी	86746	150.49	34631	-	13	-99.77	5588	149.46
पंजाब	2635749	12.21	2348868	49.61	1570023	25.56	1250391	28.22
राजस्थान	7581334	17.83	6433934	23.15	5224640	33.96	3900235	24.80
सिक्किम	18963	-	0	-	0	-	0	-
तमिल नाडु	28862382	11.79	25818638	12.71	22907905	19.68	19141073	14.67
तेलंगाना	21403972	17.88	18156867	20.22	15102672	21.91	12388178	19.99
त्रिपुरा	1441089	4.50	1379090	16.49	1183867	28.46	921591	16.07
उत्तर प्रदेश	8907133	27.17	7003847	16.76	5998656	27.52	4704251	23.71
उत्तराखंड	1257507	10.31	1139984	27.33	895326	86.74	479458	37.91
पश्चिम बंगाल	24822041	12.04	22153669	27.69	17350005	25.21	13856761	21.45
कुल	**344699733**	**11.64**	**308753400**	**16.52**	**264969723**	**18.31**	**223955219**	**15.46**